आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**24 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लखनऊ में भारत टैक्सी सेवा का किया शुभारंभ। मुख्यमंत्री ने कहा– भारत की गति को प्रगति में बदलने का काम करेगी यह सेवा।
- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा गबन मामले में आठ आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट।
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में कराएगा अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन।
- प्रदेश में फिर से शुरू हुआ बारिश का सलिसिला। सत्ताईस सितम्बर तक कई जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सहकारिता एवं नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कल लखनऊ में भारत टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया। लखनऊ के साथ–साथ गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में भी यह सेवा शुरू की गई है। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पूरे भारत की टैक्सी है, जो भारत की गति को प्रगति में बदलने का काम करेगी।

**जिन लोगों के बारे में कोई सोचता नहीं था। टैक्सी ड्राइवर के बारे में, टू व्हीलर के बारे में, थ्री व्हीलर के बारे में अब वह रजिस्ट्रेशन के साथ जीरो कमीशन पर वे भारत टैक्सी का हिस्सा बनेंगे और बदले में उनको सामाजिक सुरक्षा की कवरेज मिलेगी 5 लाख रूपये की।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के ई–पोर्टल, सहकारिता विभाग के उर्वरक सेतु मोबाइल ऐप और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव डेटा बेस सेंटर के मोबाइल ऐप यूपीसीडीसी का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान अपने सम्बोधन में केंद्रीय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में करीब बयालीस हजार सहकारी समितियां कार्यरत हैं। पैक्स के कंप्यूटरीकरण और ग्रामीण बैंकों के डिजिटलीकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का सहकारिता मॉडल देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायी बन सकता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में आठ करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बने राजकीय महिला शरणालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई, विवाह, सुरक्षा और स्वावलंबन तक सरकार साथ खड़ी है।

**सरकार हर नारी की सुरक्षा के लिए, उनके सम्मान के लिए, उनके स्वालंबन के लिए, हर युवा की अच्छी एजुकेशन के लिए और उसके इंप्लॉयमेंट के लिए पूरी सजगता के साथ कार्य कर रही है, पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रही है।**

मुख्यमंत्री कल ही गोरखनाथ मंदिर में महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की सत्तानवीं और ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ महाराज की बारहवीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ के शुभारंभ कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने कल गोरखपुर में ही सड़क हादसे और कैंसर के कारण दिवंगत दो अलग–अलग लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता का चेक भी प्रदान किया।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण में कल पुलिस ने आठ आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी। अभियोजन का आधार, जांच में सामने आए सीसीटीवी फुटेज, आरोपितों के बयान, बरामद रकम और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को बनाया गया है।

**********

आगामी दीपावली के अवसर पर अयोध्या धाम में दीपोत्सव के दौरान छब्बीस लाख पचास हजार एक सौ एक दीये जलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राम की पैड़ी, लक्ष्मण किलाघाट, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल घाट सहित कुल छप्पन घाटों पर दीप प्रज्ज्वलित करने की कार्ययोजना तैयार की गयी है। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को कल समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि दीपोत्सव–दो हजार छब्बीस का आयोजन भव्य और अलौकिक ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि दीप जलाने का काम पैंतीस हजार वालंटियर्स द्वारा किया जायेगा।

**********

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने नमक, चीनी या वसा की अधिक मात्रा वाले डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के लिए फ्रंट–ऑफ–पैक न्यूट्रिशन लेबलिंग को एक ही चरण में लागू करने का प्रस्ताव दिया है।

**उच्चतम न्यायालय में दायर एक हलफनामे में, खाद्य नियामक ने ऐसे उत्पादों के सामने के हिस्से पर एक रेड हेक्सागन चेतावनी लेबल लगाने का प्रस्ताव दिया है, जो यह स्पष्ट रूप से बताएगा कि कौन सा पोषक तत्व निर्धारित सीमा से अधिक है। प्राधिकरण ने कहा है कि इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पहले जनता और उद्योग जगत के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया जाएगा। नियामक का अनुमान है कि परामर्श प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग चार महीनों के भीतर इन मसौदा नियमों को अंतिम रूप दिया जा सकता है। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन किया जाएगा। इस संबंध में आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया ने सार्वजनिक सूचना जारी की है। उन्होंने अभ्यर्थियों को अपने बायोमैट्रिक डेटा और आधार कार्ड को अपडेट कराने की सलाह दी है।

**********

प्रदेश के प्रमुख सचिव–ऊर्जा और उत्तर प्रदेश विद्युत निगम के अध्यक्ष रणवीर प्रसाद ने कल लखनऊ स्थित राज्य लोड डिस्पैच सेंटर–एसएलडीसी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र के आवश्यक आधुनिकीकरण का कार्य यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएलडीसी के कामकाज, वास्तविक समय ग्रिड निगरानी, एससीएडीए प्रणाली और लोड प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव उर्जा ने कहा कि आने वाला महीना गर्मी और बढ़ती मांग के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहेगा। ऐसे में लोड वितरण अत्यंत सावधानी से किया जाना चाहिए ताकि कहीं भी अनावश्यक ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग न हो, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती रहे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन सेवा में पच्चीस वर्ष पूरे कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा जन सेवा से देश सेवा के मंत्र और निरंतर समर्पण से जुड़ी रही है। इसी सेवा और सुशासन की सोच के साथ सरकार दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार काम कर रही है। समावेशी विकास और सामाजिक सशक्तिकरण के जरिए यह प्रतिबद्धता लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है। विशेष श्रृंखला में प्रस्तुत है अटल इनोवेशन मिशन को लेकर एक खास रिपोर्ट।

**अटल इनोवेशन मिशन जिसे वर्ष 2016 में स्थापित किया गया था। देश में नवाचार और उद्यमिता की सांस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है। नीति आयोग के अंतर्गत, यह मिशन एक समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रहा है। इसका उद्देश्य स्कूलों में समस्या के समाधान और नवाचार की सोच विकसित करना तथा विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, निजी क्षेत्र और एमएसएमई में उद्यमिता का एक सशक्त इकोसिस्टम तैयार करना है। वर्ष 2016 में आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि सरकार ने अटल इनोवेशन मिशन के माध्यम से नई पीढ़ी को विज्ञान और अनुसंधान की ओर आकर्षित करने के लिए कदम उठाए हैं।**

**नई पीढी में विज्ञान के प्रति आकर्षण, टेक्नॉलोजी के प्रति रिसर्च और इनोवेशन और इसी के लिए के सरकार ने भी कई कदम उठाए हैं और इसलिए तो मैं कहता हूं कि लेटेस्ट एम टू इनोवेट और जब मैं लेटेस्ट एम टू इनोवेट कहता हूं, तो मेरा एम का मतलब है, अटल इनोवेशन मिशन, नीति आयोग के द्वारा अटल इनोवेशन मिशन को बढावा दिया जा रहा है। एक इरादा है कि इस एम के द्वारा अटल इनोवेशन मिशन के द्वारा पूरे देश में एक इकोसिस्टम तैयार हो, इनोवेशन, एक्सपेरिमेंट, एंटरप्रन्योरशिप यह एक सिलसिला चले।**

**अटल इनोवेशन मिशन देशभर में नवाचार और उद्यमिता की एक जीवंत संस्कृति विकसित करने और उसको बढ़ावा देने का काम कर रहा है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

लखनऊ सहित प्रदेश के कई स्थानों पर कल हल्की से लेकर मध्यम बारिश होने के साथ ही एक बार फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। गोरखपुर और जौनपुर सहित कई पूर्वी जिलों में कल शाम से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने सत्ताईस सितंबर तक प्रदेश के कई जगहों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने प्रदेश में आज से लेकर सत्ताईस सितम्बर के बीच तेज झोंकेदार सतही हवाएं चलने और भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**********